>

Title: Need to open a Central School and University in Saharan Pur District, Uttar Pradesh.

श्री जगदीश सिंह राणा (सहारनपुर): महोदय, मैं सदन के माध्यम से आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में आजादी के 65 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी क्षेत्रवासी यूनिवर्सिटी व केन्द्रीय विद्यालय से वंचित हैं, जिनकी मांग मैं लगभग 3 वर्ष से लगातार कर रहा हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र में ग्राम मिर्जापुर, विधान सभा रामपुर में एक नवोदय विद्यालय, जिसका निर्माण कार्य वर्ष 2005-06 से लगभग 8 वर्ष से चल रहा है। जिसकी धनराशि लगभग 15 करोड़ रूपये है। नवोदय विद्यालय के निर्माण कार्य की गुणवत्ता ठीक नहीं है और दो वर्ष से निर्माण कार्य पूर्ण रूप से बंद है। निर्माण कार्य बंद होने के कारण शिक्षण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। यह केन्द्र निधि का खुला दुरूपयोग है, जिसकी जानकारी मैं लगातार मंत्रालय को दे रहा हूं। जिसके कारण जनपद में शिक्षा का स्तर लगातार घटता जा रहा है। गरीबी और बेरोजगारी बढ़ रही है। सहारनपुर लोक सभा क्षेत्र तीन प्रदेशों से लगा हुआ है। यहां के छात्र-छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने के लिए दूसरे प्रदेशों में जाना पड़ता है। इस लोक सभा क्षेत्र के अधिकांश छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने के लिए दूसरे प्रदेशों में आने-जाने में असमर्थ हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र का अधिकांश हिस्से में बहुत गरीब जनजातियां निवास करती हैं।

अतः मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में प्राथमिकता पर जनहित में यूनिवर्सिटी व केन्द्रीय विद्यालय खोला जाये। मैं यह भी जानना चाहता हूं कि नवोदय विद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण रूप से बंद होने के क्या कारण हैं? मानक के अनुरूप कार्य न होने की विभागीय जांच कर उनके विरूद्ध कार्यवाही कराये जाने व विद्यालय का निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराने की मैं मांग करता हूं।